सार-समाचार

बजट के बाद कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर वेबिनार

बीकानेर (निसं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बजट के बाद कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर आयोजित वेबिनार में वेटरनरी विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी ऑनलाइन मोड से प्रतिभागी रहे। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने इस वेबिनार को विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों और अन्य इकाइयों द्वारा लाईव प्रसारण को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों हेतु सुनने एवं देखने हेतु निर्देशित किया। प्रसार शिक्षा निदेशक प्रो राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि इस लाईव प्रसारण में विश्वविद्यालय के कुल 421 लोगो ने देखा और सुना जिनमें 330 पुरूष एवं 91 महिलाएं शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कृषि हेतु बजट जारी किया है जिसका पूरा-पूरा लाभ किसानों एवं इस क्षेत्र से जुडे॰ लोगो को मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कृषि एवं पशुपालन की विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए किसानो का ग्लोबल मार्केट से जुडने, खाद्य वस्तुओं के मूल्य संवर्धन, उन्नत तकनीको के हस्तांतरण, एकल स्वास्थ्य मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड, योजना फसल बीमा योजना एवं देश की खाद्यान्न एवं पशुउत्पादकाता की स्थिति की जानकारी दी एवं देश में कृषकों की आर्थिक स्थिति उत्थान हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा का संदेश दिया। वेबिनार में वेटरनरी विश्वविद्यालय के निदेशक क्लिनिक्स प्रो. प्रवीण बिश्नोई, अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय नवानियां प्रो. एस.के. शर्मा, अधिष्ठाता डेयरी विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. राहुल सिंह पाल, कृषि विज्ञान केन्द्र नोहर के प्रभारी अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्र कांटवा विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में जुडे॰।श्रीगंगानगर में झुलसाने वाली गर्मी से मार्च की शुरुआत

अरब सागर के एंटी-साइक्लोन का असर, अधिकतम तापमान 36 डिग्री पार

श्रीगंगानगर,(निसं)। यहा पाकिस्तान बॉर्डर से सटे श्रीगंगानगर जिले में अब तेज गर्मी पड़ना शुरू हो गई है। अरब सागर में बने एंटी-साइक्लोन के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान में तेज गर्म हवाएं चल रही हैं, जिससे दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है और झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री रिकार्ड किया गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि बुधवार को न्यूनतम 16.7 डिग्री और अधिकतम 36.1 डिग्री रहा। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो सामान्य से काफी ऊपर है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अरब सागर में बने इस एंटी-साइक्लोन सिस्टम के कारण आसमान साफ रह रहा है और पाकिस्तान की तरफ से गर्म हवाएं सीधे राजस्थान में प्रवेश कर रही हैं। इससे पश्चिमी जिलों में गर्मी का कहर बढ़ गया है। श्रीगंगानगर के अलावा बाड़मेर, चूरू, जोधपुर जैसे इलाकों में भी तापमान 36-38 डिग्री के आस-पास पहुंच चुका है।

सरूपसर में किसानों को गेहूं की फसल से काफी उम्मीद

सरुपसर,(निसं)। यहा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों में खड़ी गेहूं की फसल हवा के साथ लहलहा रही है। चारों ओर फैली हरियाली किसानों की मेहनत और अनुकूल मौसम का परिणाम है। समय पर बुवाई, सिंचाई और उचित देखभाल के कारण इस बार गेहूं की फसल की बढ़वार अच्छी हुई है। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम ने भी काफी हद तक साथ दिया है, जिससे फसल की स्थिति बेहतर बनी हुई है। यदि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बना रहता है, तो अच्छी पैदावार की उम्मीद है। किसान फिलहाल फसल की निगरानी और देखभाल में लगे हुए हैं ताकि किसी भी प्रकार के नुकसान से बचा जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की यह हरियाली किसानों के लिए खुशहाली और उम्मीद लेकर आई है। किसानों को आशा है कि इस बार अच्छी पैदावार उनकी मेहनत का फल देगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

जिला स्तरीय समन्वय-समीक्षा समिति की बैठक 12 को

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर की दिसम्बर तिमाही की जिला स्तरीय समन्वय-समीक्षा समिति की बैठक 12 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की जाएगी। अग्रणी बैंक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक लक्ष्मण राम मोडासिया ने बताया कि सभी जिला समन्वयको-बैंक नियंत्रकों को सभी आवश्यक सूचनाएं साथ लाने के लिए पत्र भेजा गया है।

व्यापार उद्योग मंडल का होली स्नेह मिलन आयोजित

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल, का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल की विभिन्न एसोसिएट संस्थाओं के अध्यक्ष-मंत्री एवं प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने सभी का स्वागत करते हुए व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि व्यापार जगत से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मंडल सदैव प्रयासरत है तथा समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करवाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव संजय जैन सांड, कोषाध्यक्ष रवि पुरोहित, उपाध्यक्ष वेद अग्रवाल, मेघाराम गोदारा, सह सचिव प्रेम जोशी, इमरान राठौड़, मीडिया प्रभारी सुशील यादव, रमेश पुरोहित, जनक हर्ष, बजरंग लाल सेवग, शंकरलाल अग्रवाल, शांतिलाल कोचर, हरिओम पुरोहित, विजय बाफना, दामोदर महेश्वरी, संदीप बुडानिया, हरीश नाहटा, संजीव अरोड़ा, रतनलाल सोमानी, विजय रांका, विनोद धानुका, जयनारायण डागा सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार के स्नेह मिलन कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए, जिससे विभिन्न संस्थाओं के बीच आपसी संवाद, समन्वय एवं भाईचारा मजबूत होता है।

मौसम बदलने से मौसमी बीमारियों का प्रकोप

पूगल, (निसं)। यहा आसपास के ग्रामीण इलाकों में मौसम में बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। तेज धूप और सुबह-शाम की ठंडक के चलते सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार और गले के संक्रमण से संबंधित बीमारियों के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, बदलते मौसम में लापरवाही बरतने से लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं, जिसका सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखा जा रहा है। उप जिला अस्पताल पूगल के डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। ठंडी चीजों के सेवन से बचें और सुबह-शाम की हल्की ठंड से अपना बचाव करें। इसके अतिरिक्त, साफ-सफाई का ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी गई है।

महिला दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

बीकानेर, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना के निर्देशानुसार प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और बच्चियों को लेकर महिला अधिकारिता की सभी योजनाओं जैसे सखी, महिला सुरक्षा सलाह केंद्र पन्नाधाय सुरक्षा सम्मान केंद्र, लाडो प्रोत्साहन के विषय में बताया। पर्यवेक्षक रश्मि कल्ला ने एनीमिया एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के स्टाफ द्वारा कार्यक्रम संचालित करते हुए महिला हुनर के तहत किए जाने वाले कार्यक्रमों का डेमो दिया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बेहतर प्रस्तुतीकरण देने वाली बेटियों को विभागीय डायरी और फोल्डर दिए गए तथा प्रचार प्रसार सामग्री दी गई।

सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करें: कलेक्टर

- जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

बीकानेर,(निसं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की मासिक समीक्षा बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनके पूर्णता प्रमाण पत्र अति शीघ्र भिजवाएं और जो कार्य अभी शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र शुरू करवा कर जियोटैग करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अब तक स्वीकृत, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की पंचायत समिति वार समीक्षा की और गत वर्षों के बकाया कार्यों का समायोजन अति शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई और कोताही ना बरती जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से इन कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों पर लेबर बढ़ाने और वर्ष 2024-25 तक के अपूर्ण कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। वृष्णि ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में स्वीकृत किए गए शौचालयों को अति शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा भी की और लंबित प्रकरणों का निस्तारण तीन से पांच दिनों में करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने ग्रामीण और विशेषकर सीमांत क्षेत्र के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, एसीईओ पंचायती राज श्रीमती प्रियंका तलानिया, एसीईओ ग्रामीण विकास दलीप कुमार, अधिशासी अभियंता रामनिवास शर्मा, अशोक गहलोत सहित अन्य तकनीकी अधिकारी और जिले के सभी विकास अधिकारी समेत अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

पालनहार योजना के लाभार्थियों को करवाना होगा वार्षिक सत्यापन

बीकानेर, (निसं)। पालनहार योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए लाभान्वित बच्चों का वार्षिक सत्यापन (रिन्यूअल) करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि जिले में कुल 13,259 बच्चों को योजना का लाभ मिल रहा है, जिनमें से 12,698 बच्चों का वार्षिक सत्यापन हो चुका है, जबकि 561 बच्चे अभी सत्यापन से वंचित हैं। बीकानेर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी 162 बच्चों का वार्षिक सत्यापन शेष है। अब तक श्रीडूंगरगढ़ में 110, खाजूवाला में 22, कोलायत में 58, लूणकरणसर में 34, नोखा में 88, पांचू में 59, बज्जू खालसा में 25 तथा पूगल में 3 बच्चे अभी सत्यापन से वंचित हैं।

पालनहार योजना के अंतर्गत अनाथ बालक-बालिकाओं, पेंशन प्राप्त कर रही तलाकशुदा या परित्यक्ता महिला के बच्चों, पुनर्विवाहित विधवा माता के बच्चों, नाता जाने वाली माता के बच्चों तथा विशेष योग्यजन माता-पिता के बच्चों को लाभान्वित किया जाता है। विभाग द्वारा इन बच्चों के संरक्षण एवं शिक्षा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पालनहार परिवार को प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के संशोधित नियम 2022 के नियम 9 ऑनलाइन आवेदन एवं अनुदान प्रक्रिया के अनुसार आवेदक द्वारा स्वयं के जीवित होने एवं बच्चों का विद्यालय या आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत होने का वार्षिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है।

पंवार ने बताया कि वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया तीन तरीकों से करवाई जा सकती है।

साहित्यकार मोनिका गौड़ को मिलेगा कन्हैयालाल सेठिया साहित्य सम्मान

बीकानेर(निसं)। सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली कोलकाता की संस्था विचार मंचङ द्वारा वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों एवं सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्थान के मंत्री प्रदीप पटवा ने बताया कि समग्र साहित्यिक अवदान के लिए अर्पित किया जाने वाला वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित 'कन्हैयालाल सेठिया साहित्य सम्मान' इस वर्ष बीकानेर की वरिष्ठ साहित्यकार, समालोचक एवं साहित्यिक आयोजनों की कुशल संचालक मोनिका गौड़ को प्रदान किया जाएगा। विचार मंच प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करता है। आयोजक संस्था के अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया ने बताया कि एस पी के जैन फ्यूचररिस्टिक अकादमी, कोलकाता में 15 मार्च को समाजसेवी हरिप्रसाद बुधिया की अध्यक्षता और प्रमोद कुमार सराफ के मुख्य आतिथ्य में आयोज्य समारोह में श्रीमती गौड़ को एक लाख रुपये की नकद राशि एवं सम्मान-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर समादृत किया जायेगा।

संस्थान प्रतिनिधि किशोर ने जानकारी दी कि मोनिका गौड़ की हिंदी एवं राजस्थानी भाषा में 10 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा वे विभिन्न साहित्यिक मंचों पर राजस्थानी भाषा का सशक्त प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साहित्य सृजन, समालोचना और मंच संचालन के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

उनकी प्रमुख कृतियों में 'हथेली में चाँद', 'अंधारै री उधारी अर रीसाणों चाँद' शामिल हैं। उनकी रचनाओं का प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से होता रहा है। गौड़ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल तथा रेख्ता फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में राजस्थानी कविता का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह आज

बीकानेर,(निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग, बीकानेर महिला उत्थान एवं जागृति समिति तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में महिला सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को दोपहर 2 बजे से धरणीधर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन छाजेड़, कौशल शर्मा, दीपक पारीक, आदि मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर में रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

- लोक परिवहन बसों से सरकारी राजस्व को घाटा पहुंच रहा

श्रीगंगानगर(निसं)। यहा रोडवेज कर्मचारियों की ओर से लोक परिवहन बसों को केन्द्रीय बस स्टैंड से 5 किलोमीटर दूर हटाने की मांग को लेकर श्रीगंगानगर बस स्टैंड में विरोध-प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने लोक परिवहन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 9 मार्च तक कार्रवाई नहीं हुई तो जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन और 10 मार्च से वहां अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा। रोडवेज कर्मचारियों का कहना है कि प्राईवेट बसें बस स्टैंड के मैन गेट पर खड़ी होकर सवारियां उठा रही हैं, जिससे रोडवेज को रोजाना लाखों का नुकसान हो रहा है। इससे न केवल निगम की आय प्रभावित हो रही है, बल्कि सड़क पर भीड़भाड़ से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उप शासन सचिव, परिवहन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प.12 (26) परि/2019 पार्ट, दिनांक 25.02.2021 में स्पष्ट निर्देश थे कि मुख्यमंत्री कार्यालय के संदर्भ में निजी बसों के स्टैंड को रोडवेज बस स्टैंड से 2-5 किमी दूर घोषित किया जाए और अवैध संचालन पर कड़ी कार्रवाई हो। लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। पूर्व में हुए समझौतों की भी पालना नहीं हो रही है।

अरजनसर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं

- फुटओवरब्रिज का भी अभाव, ग्रामीण बोले- 24 से ज्यादा गांवों के लोग निर्भर

अरजनसर,(निसं)। यहा रेलवे स्टेशन पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्री परेशान है।

अरजनसर रेलवे स्टेशन पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां केवल लोकल ट्रेनों और बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस का ही ठहराव होता है, जबकि जयपुर, दिल्ली, गंगानगर और अहमदाबाद की ओर जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें बिना रुके गुजर जाती हैं।

स्थानीय विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कई बार रेलवे प्रशासन से ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। हालांकि अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

कस्बे के सुनील तावणिया का कहना है कि अरजनसर स्टेशन पर फुटओवरब्रिज का भी अभाव है। इस कारण यात्रियों को मजबूरन ट्रेनों के नीचे स गुजरना पड़ता है, जिससे सुरक्षा संबंधी जोखिम बना रहता है।यह स्टेशन अरजनसर कस्बे के साथ-साथ आसपास के करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों के लिए एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है। पलू, जेतपुर, फूलेजी और साबनिया जैसे बड़े कस्बों के लोग भी अपनी यात्रा के लिए इसी स्टेशन पर निर्भर हैं। पास में स्थित फील्ड फायरिंग रेंज का नॉर्थ कैंप होने के कारण सेना के जवानों की आवाजाही भी इसी स्टेशन से होती है। एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से इन जवानों को भी आवाजाही में असुविधा झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने रेलवे प्रशासन से कई बार मांग भी की है कि अरजनसर स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

बाल विवाह मुक्त भारत रथ यात्रा का शुभारम्भ

बीकानेर, (निसं)। बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा का शुभारम्भ व पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को हुआ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रवर्ती सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एड. जुगल किशोर व्यास, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य अरविंद सेंगर, राजकीय संप्रेषण गृह अधीक्षक रामनारायण बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से इस रथ रवाना किया।

राजस्थान महिला कल्याण मंडल, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के जिला समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत रथ यात्रा आगामी दिनों में जिले के अलग-अलग ब्लॉक क्षेत्रों में जाएगा। रथ के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर, पंपलेट जनसंवाद एवं शपथ कार्यक्रम के द्वारा आम जन को जागरूक किया जाएगा व आमजन को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के की शादी नहीं करवाने व बाल विवाह के दुष्परिणाम जी बारे में जानकारी दी जाएगी व शपथ दिलाकर जागरूक किया जाएगा।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास ने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई व शपथ दिलवाई। बाल विवाह मुक्ति रथ खारा व बीछवाल गाँव, अंत्योदय नगर, नयाशहर आदि क्षेत्रों मे पहुंचा व ग्रामीणों द्वारा रथ का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति से जंमजय व्यास, हाजरा बानो, सुनीता, किशोर न्याय बोर्ड से किरण गौड़, कमल, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रवेश व राजस्थान महिला कल्याण मंडल से पिंकी जनागल, बाबूलाल, न्याय मित्र अनिल तिवारी, गुरसेवक, एडवोकेट सुनील भाटी मौजूद रहे।

मक्का मस्जिद में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा

- नमाजियों ने एक-दूसरे को दी रमजान की मुबारकबाद, मुल्क में अमन-चैन की दुआ की

नोखा,(निसं)। यहा शहर की मक्का मस्जिद में पवित्र माहे रमजान के तीसरे जुमे पर विशेष नमाज अदा की गई। इस अवसर पर अकीदतमंदों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही नमाजी मस्जिद पहुंचने लगे थे और नमाज के समय पूरा परिसर इबादत में डूबा नजर आया।

नमाज की इमामत मौलाना जमशेद आलम ने की। उन्होंने अपने संबोधन में माहे रमजान की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए लोगों को इंसानियत, भाईचारे और नेक राह पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर देता है। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और लोगों की सुकून भरी जिंदगी के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और लोगों की सुकून भरी जिंदगी के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई। मौलाना जमशेद आलम ने नमाजियों से अपील की कि वे रमजान के पवित्र महीने में अधिक से अधिक इबादत करें और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, भाईचारा और आपसी सम्मान बनाए रखना हर इंसान की जिम्मेदारी है। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और लोगों की सुकून भरी जिंदगी के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई। इस दौरान नमाजियों ने देश और समाज की तरक्की के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख लोग भी मौजूद रहे। इनमें मेहताब मोर पठान, सदर जाकिर हुसैन, महबूब छीपा, मोहम्मद अली, रिंकू पेंटर, बाकीर अली, साबिर, साइन, सईद कुरैशी, अनीश मिरासी और साबिर सिक्का सहित बड़ी संख्या में नमाजी शामिल थे।

शाकद्वीपीय सार्वभौम पंचांग का विमोचन

- नव विक्रम संवत 2083 अंग्रेजी वर्ष 2026 -27 के सार्वभौम भास्कर पंचांग का विमोचन

बीकानेर (निसं)। सार्वभौम शाकद्वीपीय कल्याण समिति द्वारा मुख्य पंडित श्री विमल कुमार मिश्र के निर्देशन ने निर्मित नव विक्रम संवत 2083 अंग्रेजी वर्ष 2026 -27 के सार्वभौम भास्कर पंचांग का विमोचन आज बीकानेर में राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय महासभा कार्यालय में हुआ

पंचांग का विमोचन करते हुए समाजसेवी कल्याण फाउंडेशन की निदेशक कामिनी विमल भोजक ने कहा कि सनातन संस्कृति का आधार होते है पंचांग इनसे हमारे जीवन के समस्त उतार चढ़ाव और त्यौहार को विशिष्ट समय में पूजन करने का मार्गदर्शन देता है हम गौरांवित है कि शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज अपनी परम्परा और विधा का बखूबी निर्वहन कर रहा है

राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष गणेशदास सेवग ने कहा कि शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा निर्मित पंचांग अपनी गणनाओं के कारण विश्वशनीय है इसमें सुझाए गए मुहूर्त और व्रत विधान की गणना सटीक है शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट अध्यक्ष आर के शर्मा ने कहा कि बंगाल की धरती पर शाकद्वीपीय पंडितों और पंचांग निर्माताओं द्वारा शास्त्रार्थ करके पंचांग का निर्माण किया जाता है जिसमें आज के समय अनुसार व्रत मुहूर्त का समावेश किया जाता हैवरिष्ठ समाजसेवी दुर्गादत भोजक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे अपनी विद्या और कौशल का बखूबी निर्वहन करना चाहिएकार्यक्रम का संचालन महासभा महासचिव राजेश शर्मा ने कियाइस अवसर पर नितिन वत्सस, जितेंद्र भोजक सहित समाज के गणमान्य जन उपस्थित थे

धर्मयात्रा 19 को निकाली जाएगी

बीकानेर(निसं)। चैत्र शुक्ल में इस बार 19 मार्च को धमन्यात्रा निकाली जाएगी। यह धमन्यात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग से एम.एम. ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जूनागढ़ पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों द्वारा स्वागत, तिलक एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी। इस धमन्यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, युवाओं, मातृशक्ति तथा विभिन्न समाजों की सहभागिता रहेगी। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक झांकियां और धार्मिक वातावरण के साथ यह आयोजन पूरे शहर में आस्था, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का संदेश देगा। पत्रकार वार्ता में गणेश बोथरा ने बताया कि समिति की ओर से बीकानेर महानगर के सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लगाकर भारतीय नव वर्ष का स्वागत करें, घरों में दीप प्रज्वलित करें तथा परिवार सहित धमन्यात्रा में शामिल होकर इस उत्सव को भव्य और सफल बनाएं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी. उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: **http://www.ireps.gov.in** 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 01.04.2026 को 15.00 बजे तक। 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 01.04.2026 को 15.00 बजे के बाद। **Tender Notice No.** 42-TRD-BKN-ETender-2025-26 **Name of work:** TRD modification work in c/w Goods shed. Additional Platform & FOB and Ballast less track work at Hanumangarh station of Bikaner Division. **Approx. Cost of the work:** 70,69,858.61, **EMD/SD (Rupees):** 1,41,400.00, सं. 42-TRD-BKN-ETender-2025-26, Dated: 05.03.2026

329-PM/26

हमें /NWRRailways NWRRailways_ पर फॉलो करें

करणी औद्योगिक क्षेत्र की 29 इकाइयों से रोज 260 केएलडी प्रदूषित पानी निकल रहा

- जिन उद्योगों में ईटीपी काम नहीं कर रहे वे बंद होंगे
- केंद्रीय भू जल बोर्ड ने भी जिला कलेक्टर से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है।

बीकानेर,(निसं)। यहां करणी औद्योगिक विस्तार में प्रदूषित जल की निकासी करने वाली 29 औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। केंद्रीय भू जल बोर्ड ने भी जिला कलेक्टर से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। करणी औद्योगिक क्षेत्र प्रथम, द्वितीय और एसजीसी (स्प्रीट ग्रोथ सेंटर) का प्रदूषित पानी करणी विस्तार के करीब 62 बीघा में सालों से पसरा पड़ा है। इसका निस्तारण करने के लिए एनजीटी के फैसले के बाद पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने राज्य स्तरीय पर्यावरण निगरानी एवं प्रत्युत्तर समिति का गठन किया है। इस समिति की पहली बैठक के मिनिट्स जारी हो गए हैं, जिसमें रीको और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त निणय्य लिए गए हैं। मिनिट्स की कॉपी भास्कर के पास मौजूद है, जिसमें सीईटीपी की स्थापना की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश रीको को दिए गए हैं।

पर्यावरण स्वीकृति के तहत जीरो लिक्विड डिस्चार्ज आधारित तंत्र अनिवार्य कर दिया गया है। छह माह के भीतर सीईटीपी की स्थापना नहीं करना निरंतर उल्लंघन की श्रेणी में माना जाएगा। इस मामले में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से समिति को रिपोर्ट दी गई है, जिसमें साफ लिखा गया है कि बिना उपचार अपशिष्ट जल का निस्तारण किया जा रहा है।

व्यक्तिगत ईटीपी (ईफल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट) का प्रदर्शन भी अपर्याप्त है। इसे देखते हुए सीईटीपी (कॉमन ईफल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की विधि सम्मत स्थापना को आवश्यक बताया गया है। राज्य स्तरीय समिति ने जरूरत पड़ने पर उन उद्योगों को बंद करने के निर्देश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को दे दिए हैं, जिनमें ईटीपी काम नहीं कर रहा है। रीको के करणी औद्योगिक क्षेत्र में 29 इकाइयों से प्रदूषित जल की निकासी होती है। समिति के फैसले से औद्योगिक